गोयल ने इतालवी उद्यमियों को भारत में निवेश के अवसरों की ओर किया आकर्षित

आज समाज नेटवर्क

नई दिल्ली। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने इटली की अपनी यात्रा में वहां के उद्यमियों को भारत के साथ कारोबार के लिए प्रोत्साहित करते हुए कहा कि देश इस समय निवेश के लिए विश्व के सबसे विश्वसनीय बाजारों में से एक है और यहां अनेकानेक अवसरों की भरमार है। श्री गोयल के पास उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण तथा वस्त्र मंत्रालय का भी प्रभार है। श्री गोयल ने रोम में गुरुवार को कंपनियों के मुख्य कार्यकारियों के सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि भारत एक खुली अर्थव्यवस्था है और वैश्विक स्तर पर उसके संपर्क हैं। भारत यूरोपीय संघ के बीच मुक्त समझौते की वार्ता चल रही है। श्री गोयल ने भारत-इटली की भागीदारी के लक्ष्य ऊंचे होने चाहिए क्योंकि हाल में इसको रणनीतिक स्तर की भागीदारी का रूप दिए जाने से इसके लिए अब नई नई संभावनाएं बनी हैं। वाणिज्य मंत्री ने वहां बताया कि किस तरह भारत का वैश्विक बाजारों के साथ कारोबार फैल रहा है और पिछले दो साल में देश के कुल निर्यात में 55 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

उन्होंने कहा कि इस समय भारत में इटली की करीब 700 कंपनियां काम कर रही है भारत में कारोबार जमाने का यह सबसे अच्छा समय है। मंत्री ने कहा कि भारत कारोबार के लिए मजबूत भविष्योन्मुखी नीतियां प्रस्तुत करेगा जिसमें आवश्यकतानुसार पिछली तिथि से प्रभावी सुधार किए जा सकते हैं। इस कार्यक्रम में इटली के उप-प्रधानमंत्री और व्यापार मंत्री एंटोनियो तजानी ने भी भाग लिया और कहा कि दोनों देशों के बीच भविष्य की एक अच्छी राह बनाने और उस पर सूक्ष्म, लघु और मझोली इकाइयों को प्रोत्साहित करने की जरूरत है। रोम में सीईओ बिजनेस इंटरएक्टिव सत्र का आयोजन भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) और कॉन्फिंडस्ट्रिया के सहयोग से रोम, इटली में भारत के दूतावास द्वारा किया गया था। इस सत्र में भारतीय और इतालवी कंपनियों के 70 से अधिक सीईओ ने भाग लिया।